FORTUNA PR

| Publication | Bharatdoot | Date | 15-06 -2017 | Page No. | 08 |
|---|---|---|---|---|---|
| Client Name | Kamdhenu | Edition | Varanasi | | |

# वाराणसी में लॉन्च किया गया कामधेनू नेक्स्ट

**बनारस।** इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने शहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार ह्यकामधेनू नेक्स्ट का लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल, ने इस नए उत्पाद का पेश किया। वाराणसी एवं आस-पास के क्षेत्रों से 450 से ज्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे।

कामधेनू नेक्स्ट एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2°5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है।

इस लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा., भगवान शिव की नगरी वाराणसी में रीयल एस्टेट कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद ह्यकामधेनू नेक्स्टह्न यहाँ बनने वाली उँची उँची इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। कामधेनू नेक्स्ट न केवल हमारे द्वारा किए जाने वाले गहन अनुसंधान का नतीजा है बल्कि विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर मुहर है। हम राज्य में अपनी क्षमता को दोगुना करके 20,000 एमटी तक पहुंचाने की योजना बना रहे हैं। कॉन्क्रीट के साथ मजबूती से जुड़ने वाली ह्यकामधेनू नेक्स्ट न केवल तकनीकी के लिहाज से आधुनिक है, बल्कि किफायती भी है। इसीलिए डेवलपर्स के साथ-साथ आम नागरिक भी सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा पाने के लिए घर बनाते वक्त कामधेनू नेक्स्ट को ही पसंद करेंगे।

कामधेनू नेक्स्ट का अनूठा डबल रिब डिजाइन, जबरदस्त ताकत और प्रत्यास्थता इसे आम स्टील बार की तुलना में बेहतरीन बनाते हैं। कामधेनू नेक्स्ट का शानदार डिजाइन कॉन्क्रीट मिक्स के साथ बेहतर इंटरलॉक बनाकर इमारत को मजबूती देता है। इस स्टील बार पर मौजूद दो एंगुलर रिब स्टील एवं कॉन्क्रीट के बीच इंटरलॉक को कई गुना मजबूत बनाते हैं, जिससे इमारत भूकम्प एवं इसी तरह के अन्य प्रभावों से भी सुरक्षित रहती है। ऐसे में यह पुल, फ्लाईओवर, बांध, थर्मल एवं हाइडल प्लान्ट, ओद्योगिक टॉवर, गगनचुम्बी इमारतों, अंडरग्राउण्ड प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एकदम उपयुक्त है। माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे, यूजर लाइसेंस एग्रीमेन्ट के तहत कामधेनू ब्राण्ड टीएमटी बार की अधिकृत निमार्ता है।